आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.8 °c | 15.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.21 बजे |

## कांग्रेस अनुशासन समिति की बैठक: अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं

# जिलों से एक सप्ताह के अंदर मांगी गयी रिपोर्ट



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश अनुशासन समिति की बैठक मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हुई।

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि बैठक में समिति के अध्यक्ष की ओर से सर्वप्रथम पुतला दहन की निंदा की गयी और उन्हें हिदायत दी गयी। उन्होंने कहा कि सभी समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति, प्रदेश कमेटी के गठन के बाद जिन लोगों ने प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी के विषय में अनर्गल बातें की हैं, उस पर संज्ञान लेते हुए चर्चा की गयी। यह तय किया गया कि किसी भी परिस्थिति में मीडिया के माध्यम से बयानबाजी करना पार्टी हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जिला अध्यक्षों एवं वहां के प्रदेश पदाधिकारियों से भी विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर मांगी गयी है। प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद कांग्रेस संविधान के अनुरूप आरोपों की गंभीरता स्पष्ट हो जाने के बाद समुचित कार्रवाई की जायेगी। बैठक में समिति के सदस्य अनादि ब्रह्म, कालीचरण मुंडा, शमशेर आलम, अमुल्य नीरज खलखो उपस्थित थे।

## सख्ती : हाइकोर्ट का जेपीएससी को निर्देश

# सातवीं जेपीएससी सिविल सर्विसेज परीक्षा के अभ्यर्थियों के कट ऑफ मार्क्स, मार्क्स स्टेटमेंट, मॉडल आंसर शीट वेबसाइट पर अपलोड करें

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में सातवीं से दसवीं जेपीएससी सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन में अभ्यर्थियों को मार्क्स स्टेटमेंट, मॉडल आंसर शीट देखने नहीं देने और अभ्यर्थियों की कॉपी की छाया प्रति उपलब्ध नहीं करने को लेकर दायर याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। इसमें हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति आनंद सेन की कोर्ट ने जेपीएससी को मौखिक रूप से कहा कि सातवीं जेपीएससी के अभ्यर्थियों के कट ऑफ मार्क्स, मार्क्स स्टेटमेंट एवं अन्य परीक्षा से संबंधित चीजों को जेपीएससी की वेबसाइट पर अपलोड किया जाये। कोर्ट ने मामले में आदेश पारित करने के लिए अगली सुनवाई अगले सप्ताह निर्धारित की है।

मामले को लेकर सोनू कुमार रंजन और अन्य की ओर से हाइकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गयी है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि सातवीं जेपीएससी की मेरिट लिस्ट वर्ष 2022 मई में जारी हो गयी है और सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति भी हो गयी। जेपीएससी में टॉपर, सफल और असफल अभ्यर्थी को अब तक कट ऑफ मार्क्स, अपने मार्क्स स्टेटमेंट, मॉडल आंसर शीट की कॉपी की छायाप्रति देखने का अवसर नहीं मिल पाया है, जबकि 7वीं जेपीएससी के सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति भी हो गयी है। प्रार्थी एवं अन्य अभ्यर्थियों ने मार्क्स स्टेटमेंट, कट ऑफ मार्क्स, मॉडल आंसर शीट आदि जारी करने के लिए जेपीएससी को रिप्रेजेंटेशन भी दिया था। आरटीआइ के तहत अपनी कॉपी की छाया प्रति भी मांगी गयी थी। जेपीएससी के खुद के कार्यालय आदेश में यह जिक्र है कि अभ्यर्थियों का मार्क्स स्टेटमेंट मॉडल आंसर की उनकी कॉपी की प्रतिलिपि देखने को जल्द से जल्द दिया जाता है। पहले की भी जेपीएससी एग्जाम में जेपीएससी की वेबसाइट में अपलोड किया जाता रहा है।

अभ्यर्थियों के मार्क्स अपलोड नहीं होने से अगली जेपीएससी जो अप्रैल 2023 में होने वाली है, उसमें उसकी तैयारी करने में अभ्यर्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि अगली जेपीएससी की तैयारी करने वाला अभ्यर्थियों को यह पता नहीं है कि उन्हें किस विषय में कितना नंबर आया था, ताकि वे उसके हिसाब से तैयारी करें। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जेपीएससी से पूछा कि अभ्यर्थियों का मार्क्स स्टेटमेंट, मॉडल आंसर शीट आदि क्यों नहीं अपलोड किये गये, जबकि रिजल्ट निकले 5 से 6 माह का समय बीत चुका है।

# चिट फंड कंपनी मामले की जांच करने सीबीआइ पहुंची गिरिडीह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीबीआइ चिट फंड कंपनी से जुड़े मामले की जांच कर रही है। इस मामले की जांच के लिए सीबीआइ की छह सदस्यीय टीम मंगलवार को गिरिडीह पहुंची है। सीबीआइ की टीम गिरिडीह में ओमिशा एग्री इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड और इसके निदेशकों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य आरोपों में दर्ज मामले की जांच करेगी।

सीबीआइ की टीम इंस्पेक्टर मुकुंद कुमार कर्ण के नेतृत्व में पहुंची है। टीम 16 दिसंबर तक गिरिडीह में रह कर जांच करेगी। इस मामले को लेकर सीबीआइ इओ-6 ऑफिस रांची में आइपीएस की धारा 406, 420, 467 और 34 के तहत केस संख्या 04(5)/2021-ईओ 6-आर दर्ज किया गया है।

### सीबीआइ को दस्तावेज उपलब्ध कराया गया

जानकारी के मुताबिक साल 2012 से 2015 तक गिरिडीह जिले में संचालित चिट फंड कंपनी ओमिशा एग्री इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड में निवेश करने वाले सभी निवेशकों और एजेंटों से सीबीआइ की टीम मिलेगी। निवेशकों और एजेंटों से निवेश से संबंधित दस्तावेज लेगी। सीबीआइ की टीम गिरिडीह के नया परिसदन भवन में रूकी हुई है। गिरिडीह पहुंचने के बाद मंगलवार की दोपहर तक सीबीआइ के समक्ष कई निवेशक पहुंचे और अपने निवेश से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराया। इस दौरान सीबीआइ के अधिकारियों ने निवेशकों से कई अहम जानकारी भी ली है।

# शिक्षकों की भर्ती के लिए केंद्रीय विद्यालयों के परीक्षा पैटर्न में बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शिक्षकों की भर्ती के लिए केंद्रीय विद्यालयों में परीक्षा के पेटर्न में बदलाव किया गया है। पहली बार टीजीटी-पीजीटी शिक्षकों के लिए 150 की बजाय 180 नंबर का प्रश्नपत्र आयेगा, जिसमें शिक्षक भर्ती परीक्षा में पहली बार लीडरशिप पर आधारित प्रश्न भी पूछे जायेंगे। बता दें कि पिछली बार 2018 में टीजीटी के लिए हुई परीक्षा में एक-एक अंक के 150 प्रश्न पूछे गये थे। इसमें टीजीटी के लिए सामान्य अंग्रेजी और सामान्य हिंदी के 10-10 प्रश्न, सामान्य ज्ञान और समसामयिक घटनाक्रम के 40, तर्कशक्ति के 40, कंप्यूटर साक्षरता के 10, पेडागॉजी पर आधारित 40 प्रश्न पूछे गये थे। वहीं पीजीटी में सामान्य अंग्रेजी और हिंदी के 10-10 प्रश्न, सामान्य ज्ञान और समसामयिक घटनाचक्र के

### अब देनी होगी कंप्यूटर आधारित परीक्षा

10, तर्कशक्ति के 10, कंप्यूटर साक्षरता के 10, पेडागॉजी के 20 और विषय पर आधारित 80 प्रश्न पूछे गये थे। 2018 में 60-60 अंक का साक्षात्कार होता था। केंद्रीय विद्यालयों 3176 पद टीजीटी, 1409 पद पीजीटी, 203 उप प्राचार्य और 239 प्राचार्य की भर्ती निकाली गयी है। इस बार टीजीटी-पीजीटी दोनों का एक ही प्रारूप रखा गया है। इसमें सामान्य अंग्रेजी और सामान्य हिंदी के 10-10 प्रश्न, जनरल नॉलेज एंड करेंट अफेयर्स के 10, रीजनिंग के 05, कंप्यूटर लिटरेसी 05 प्रश्न रहेंगे। इस बार पेडागॉजी को विस्तार देते हुए पर्सपेक्टिव ऑन एजुकेशन एंड लीडरशिप को भी शामिल किया गया है।

# विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री का रांची में स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला के रांची आगमन पर मंगलवार को स्वागत किया गया। राष्ट्रीय महामंत्री को रांची रेलवे स्टेशन से सेंट्रल लाइब्रेरी मोरहाबादी तक जुलूस के साथ लाया गया। जुलूस में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता बाइक से पहुंचे। सेंट्रल लाइब्रेरी पहुंचने के बाद विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को पदाधिकारियों ने फूलमाला के साथ स्वागत किया। इस स्वागत में झारखंड के सभी जिलों से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता पहुंचे हुए थे। सेंट्रल लाइब्रेरी पहुंचने के बाद सभा की गयी।

# झारखंड जदयू के प्रभारी बने बिहार के भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी

### श्रवण कुमार को अब यूपी इकाई का प्रभारी बनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बिहार सरकार में भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी को जनता दल, यूनाइटेड, झारखंड का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में पार्टी महासचिव और विधान पार्षद आफाक अहमद खान ने लेटर जारी कर दिया है। इसके मुताबिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन (नेता, संसदीय दल) ने तत्काल प्रभाव से इस संबंध में आदेश जारी किया है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार (बिहार सरकार) की जगह अब अशोक चौधरी झारखंड के प्रभारी नियुक्त किये गये हैं। श्रवण कुमार को अब यूपी इकाई का प्रभारी बनाया गया है। चौधरी को झारखंड इकाई का प्रभारी नियुक्त किये जाने पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार सहित अन्य ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि चौधरी पुराने संगठनकर्ता हैं। झारखंड में जदयू को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा। झारखंड आने पर उनका भव्य स्वागत किया जायेगा।

वहीं प्रभारी नियुक्त किये जाने पर झारखंड प्रदेश जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरु महतो सहित प्रदेश के नेताओं ने चौधरी को शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालों में श्रवण कुमार, भगवान सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आफताब जमील, रेणु गोपीनाथ पणिकर, आबिद अली, मनोज कुमार सिन्हा, आशा शर्मा, बैद्यनाथ पासवान, राजीव रंजन सिंह, पिंटू कुमार सिंह, रामस्वरूप यादव, अनिल कुमार सिंह, अंजली सिंह, सागर कुमार, निर्मल सिंह सहित सभी झारखंड प्रदेश जदयू के नेता मौजूद थे।

# केंद्र से एनएच का बजट 5000 करोड़ रुपये करने का अनुरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

### पथ निर्माण विभाग ने प्रस्ताव मिनस्ट्री ऑफ रोड एंड हाइवे को भेजा

**रांची।** पथ निर्माण विभाग ने नेशनल हाइवे के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 का बजटीय प्रावधान 2000 करोड़ से बढ़ा कर 5000 करोड़ तक करने का प्रस्ताव मिनस्ट्री ऑफ रोड एंड हाइवे को भेजा है। इसके लिए राज्य सरकार 5765 करोड़ का डीपीआर तैयार कर रही है, जिसमें 3765 करोड़ का डीपीआर बना कर केंद्र को भेजा गया है। वहीं, इसके अलावा 2000 करोड़ का अतिरिक्त डीपीआर भी तैयार किया जा रहा है। ऐसे में केंद्रीय मंत्रालय से अनुरोध किया जा रहा है कि वे झारखंड के लिए बजट बढ़ाये ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लायी जा सके। पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार ने बताया कि विगत दो सालों में केंद्र सरकार से झारखंड एनएच के लिए बड़ी राशि लेने में सफल रहा है। पहले 200-250 करोड़ रुपये तक की ही राशि लेने में राज्य सफल हो पाता था। विगत दो सालों से लगतार तीन हजार करोड़ तक बजट लेने में झारखंड सफल हो गया है। इस वित्तीय वर्ष प्रयास हो रहा है कि कम से 3500 करोड़ रुपये तक की योजना ली जा सके।

# बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तीन वर्षों में झारखंड को मिले 2604 करोड़ रुपये

### सांसद संजय सेठ के सवाल के जवाब में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने दिया जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बेहतर स्वास्थ्य के लिए तीन वर्षों में झारखंड को 2604 करोड़ रुपये मिले हैं। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने लोकसभा में सांसद संजय सेठ के सवाल के जवाब में दी। सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में यह सवाल पूछा था कि देश में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में केंद्र प्रायोजित कितनी योजनाओं का काम झारखंड में चल रहा है। साथ ही उन योजनाओं के लाभुकों, तीन वर्षों तक उन योजनाओं के ब्यौरा से संबंधित सवाल सांसद ने सदन में रखा था। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय टीवी उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सहित कई योजनाओं के लिए राज्य स्तर पर निधि का आवंटन किया गया है। इसके अलावा मौजूदा जिला रेफरल अस्पतालों से जुड़े नये मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए भी राशि निर्गत की गयी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत झारखंड को 2019-20 में 830 करोड़, 20- 21 में 602 करोड़ और 21-22 में 640 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गयी है। टीवी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत झारखंड को वित्तीय तीन वर्षों में क्रमशः 29 करोड़, 30 करोड़ और 42 करोड़ की राशि दी गयी है। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विगत तीन वर्षों में झारखंड को लगभग छह करोड़ से अधिक की राशि निर्गत की गयी है। मौजूदा जिला और रेफरल अस्पतालों से जुड़े नये मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 2019-20 में झारखंड को 147 करोड रुपये और 2020-21 में 40 करोड़ की राशि निर्गत की गयी है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत झारखंड को कोई निधि आवंटित नहीं की गयी है। प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के तहत झारखंड को विगत तीन वर्षों में क्रमशः 126 करोड़ रुपये, 100 करोड़ रुपये और लगभग आठ करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

# एचइसी के इंजीनियरों ने गन्ने का रस निकाल किया विरोध-प्रदर्शन

### बकाया वेतन की मांग पर 41 दिनों से हैं आंदोलनरत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एचइसी अधिकारियों का बकाया वेतन समेत कई मांगों को लेकर लगातार 41वें दिन भी आंदोलन जारी है। अधिकारियों ने मुख्यालय गेट के समक्ष गन्ने का रस निकाल कर विरोध-प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने कहा कि कोल्हू रूपी भ्रष्ट प्रबंधन ने गन्ने रूपी हमारे झारखंड के गौरव, हमारे देश के उद्योगों की जननी-मातृ उद्योग एचइसी को निचोड़ कर बचे गन्ने के अवशेष जैसा कर दिया है। कंपनी की वर्तमान स्थिति के लिए भारी उद्योग मंत्रालय और केंद्र सरकार भी इस भ्रष्ट प्रबंधन के बराबर ही ज़िम्मेदार है। विगत 2-3 सालों में कई बार मंत्रालय के द्वारा इस कंपनी की समीक्षा की गयी। कई बार कंपनी के भविष्य की रूपरेखा मंत्रालय को सौंपा गयी, लेकिन सब योजना फाइलों में ही धूल फांकती रही और धरातल पर कुछ नहीं आ पाया। कंपनी के आधुनिकीकरण के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी को जमीन हस्तांतरित किया गया, लेकिन मशीनों का आधुनिकीकरण नहीं हुआ। प्रदर्शन कर रहे अधिकारियों का कहना है कि पिछले 40 दिनों से हम सब यहां अपने हक और अधिकार की मांग कर रहे। हमने जो कार्य किया है, उसका मेहनताना भुगतान की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार और प्रबंधन दोनों की तरफ से कोई पहल अभी तक नहीं की गयी है। दरअसल अधिकारियों को 13 महीनों से तो कामगारों को 10 महीनों से वेतन नहीं मिला।

### मानवाधिकार आयोग से एचइसी के कर्मचारियों ने लगायी गुहार

हटिया कामगार यूनियन एटक ने राष्ट्रीय और अनुबंध कर्मियों के साथ हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन मामले में न्याय दिलाने की मांग की है। संगठन के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने आयोग के अध्यक्ष को भेजे पत्र में कहा है कि निगम के कर्मियों व अनुबंधकर्मियों को 13 माह से वेतन भुगतान नहीं हुआ है। ऐसे में कर्मचारियों के सामने कई तरह परेशानी खड़ी हो गयी हैं। उन्होंने बताया कि सुनहरे भविष्य का सपना लेकर निगम में नौकरी कर रहे युवा इंजीनियरों की स्थिति भी काफी खराब हो चुकी है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | दैनिक कार्य अव्यवस्थित रहेगा, नौकरी-व्यापार में अवरोध, विविध उलझनों का सामना होगा। |
| वृष | रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा। |
| मिथुन | परिस्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी। |
| कर्क | कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी। |
| सिंह | रुका हुआ काम पूरा होगा, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी, दुर्घटना की आशंका। |
| कन्या | महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। |
| तुला | परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग। |
| वृश्चिक | संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, व्यवसाय की स्थिति में सुधार। |
| धनु | इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय। |
| मकर | आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा। |
| कुंभ | स्वास्थ्य बाधा, दिमागी तनाव, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा। |
| मीन | आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी। |

## एनोस एक्का की अपील पर हाइकोर्ट में सुनवाई




**रांची।** पूर्व मंत्री एनोस एक्का की अपील पर झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में सुनवाई हुई। एनोस एक्का की ओर से झारखंड के पूर्व महाधिवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार, अपराजिता भारद्वाज और समीर कुमार ने पक्ष रखा। आंशिक सुनवाई के बाद अदालत ने एनोस की याचिका पर अगली सुनवाई के लिए बुधवार की तिथि निर्धारित की है। बता दें कि पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी मेनन एक्का को आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआइ कोर्ट द्वारा दी गयी सजा को हाइकोर्ट में चुनौती दी गयी है। 25 फरवरी 2020 को सीबीआइ की स्पेशल कोर्ट ने एनोस और उनकी पत्नी मेनन को सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनायी थी, जिसे हाइकोर्ट में चुनौती दी गयी है।

## पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेंड टीचर परीक्षा में उम्र सीमा में छूट की मांग को लेकर दाखिल याचिका खारिज

**रांची।** पीयूष कुमार द्वारा उम्र सीमा में छूट की मांग को लेकर झारखंड हाइकोर्ट में दाखिल याचिका को झारखंड हाइकोर्ट ने खारिज कर दिया है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने इस मामले में फैसला सुनाया है। इससे पहले सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीयूष कुमार ने रिट याचिका दाखिल कर अदालत से यह गुहार लगायी थी कि उम्र सीमा में छूट दी जाये, लेकिन अदालत ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया है। बता दें कि जेएसएससी के द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेंड टीचर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया था। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा।

# सामूहिकता और जनभागीदारी से क्षेत्र के हालात को बदलेंगे : सुदेश महतो



**आजसू पार्टी सोनाहातू प्रखंड स्तरीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के नीमचिकिर रांगाटांड़ मैदान में मंगलवार को आजसू पार्टी सोनाहातू प्रखंड स्तरीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में ग्राम प्रभारी, चूल्हा प्रमुख, सक्रिय दीदी, महिला समिति सदस्या, बुद्धिजीवी, युवा आजसू के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिप सदस्या मंजू सिंह ने की।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश महतो ने कहा कि सामूहिकता और जनभागीदारी से हम क्षेत्र की हालात बदलेंगे। शिक्षा को विशेष महत्व दिया जा रहा है। क्षेत्र में शिक्षा को गुणात्मक सुधार लाने का सामूहिक प्रयास जरूरी है। आज पढ़ाई, दवाई एवं न्याय ये तीनों चीजें जरूरी हैं।

वहीं उन्होंने आगामी 18, 19 एवं 20 दिसम्बर को सिल्ली में आयोजित गूंज महोत्सव को विकास उत्सव के रूप में मनाने को लेकर चर्चा की। इस बार कई लोक कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन श्याम कुमार महतो ने किया। मौके पर संजय कुमार महतो, सुकरा मुण्डा, चितरंजन महतो, श्याम कुमार महतो, सुभद्रा देवी, तारणी सिंह, बिरेन्द्र लोहरा, खेत्रमोहन सिंह मुण्डा, दिलीप कोईरी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## काजल कुमारी का बीसीसीआइ अंडर-15 झारखंड स्टेट टीम में सेलेक्शन पर दी बधाई



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सोनेट क्रिकेट क्लब की काजल कुमारी का बीसीसीआई अंडर-15 झारखंड स्टेट टीम में सेलेक्शन हुआ है। काजल के चयन होने पर पूरे पंचपरगना क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। काजल कुमारी 23 दिसंबर को झारखंड टीम के अन्य खिलाड़ियों के साथ रांची से ग्वालियर मैच खेलने के लिए प्रस्थान करेंगी। काजल के चयन पर सोनेट क्रिकेट क्लब के संचालक जितु कुमार ने उसके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे अपने राज्य झारखंड और देश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी है। वहीं क्लब के कोच एहसान अंसारी, विष्णु स्वांसी, चंचल भट्टाचार्य, राजेश गुप्ता, एसपी गौतम, अजात शत्रु, सुब्रोतो घोष, भूमिका कुमारी, सुनीता लोदा एवं सीमा सिंह ने भी काजल के उज्जवल भविष्य की कामना की है और उसे शुभकामनाएं दी है।

## इंटर कॉलेज वुशु चयन प्रतियोगिता में सिल्ली कॉलेज के सात खिलाड़ियों का हुआ चयन

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय द्वारा बिरसा मुंडा स्टेडियम मोराबादी में मंगलवार को आयोजित इंटर कॉलेज वूशु चयन प्रतियोगिता सिल्ली कॉलेज 7 खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसमें दीपक कुमार महतो, शशिकांत महतो, अविनाश कोइरी, भुनेश्वर शर्मा, सोनाली कुमारी, वर्षा रानी एवं सविता कुमारी शामिल हैं। सभी सफल खिलाड़ी रांची विश्वविद्यालय की ओर से आगामी 7 से 11 फरवरी तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित नेशनल इंटर यूनिवर्सिटी वुशू प्रतियोगिता में भाग लेंगे। रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव सह सिल्ली कॉलेज के सचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, प्राचार्य डॉ मुकुंद महतो, खेल प्रभारी प्रभा मेहता, कोच वाहिद अली, त्रिभुवन महतो, अनंत कुमार महतो, भवानंद चौधरी, नकुल चंद्र महतो, श्यामल दे, सनत महतो एवं कॉलेज के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## अड़की पुलिस ने ग्रामीणों को अवैध अफीम की खेती व डायन बिसाही को लेकर किया जागरूक



**अड़की (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हुंट पंचायत के बारूहातू गांव के टोला खुदीमाडी के ग्रामीणों के साथ अड़की पुलिस ने अवैध अफीम की खेती के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया। साथ ही डायन बिसाही को लेकर डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत ग्रामीणों को अवगत कराया। वहीं दूसरी ओर थाना क्षेत्र के बादुगड़ा गांव में अवैध अफीम की खेती किये जाने को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अभियान के तहत ग्रामीणों द्वारा पूर्व में अफीम की खेती को नष्ट कर चना की बुवाई की गयी। जिसके फलस्वरूप अगल-बगल के खेत वालों द्वारा भी खेत में लगे अवैध अफीम की खेती को भी नष्ट किया जा रहा है।

## मां देवड़ी आजीविका संसाधन केंद्र का उद्घाटन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड में मां देवड़ी आजीविका संसाधन केंद्र का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य भवानी सिंह मुंडा, विजय मानकी, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि मृत्युंजय महतो, प्रखंड के उपप्रमुख शकुंतला खंडित एवं बीडीओ गिरजा शंकर महतो तथा जिला प्रबंधक आजीविका मिशन के अभिषेक चांद के कर कमलों के द्वारा फीता काटकर किया गया। आजीविका संसाधन केंद्र के माध्यम से तमाड़ प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आजीविका के ऊपर प्रशिक्षण साथ ही साथ सभी गांवों में कृषि एवं पशुपालन के ऊपर विशेष कार्य करते हुए आजीविका में बढ़ोतरी करने का उद्देश्य है। इस कार्यक्रम में सैकड़ों आजीविका पशु सखी एवं कृषक मित्र उपस्थित हुए।

**बैठक :** नार्को कोआर्डिनेशन सेंटर की बैठक में अफीम की खेती रोकने पर चर्चा, डीसी ने कहा

# जिस इलाके में अफीम की खेती हो वहां की विद्युतापूर्ति पर रोक लगायें

**थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर अवैध अफीम को नष्ट कर खेती में संलग्न व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में नार्को कॉ-आर्डिनेशन सेंटर (एनसीकोर्ड) की मंगलवार को हुई बैठक में मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण को लेकर चर्चा व समीक्षा की गयी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में उपायुक्त ने अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर प्रत्येक दिन छापामारी कर अवैध अफीम को नष्ट करने और अफीम की खेती में संलग्न व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्रवाई के प्रत्येक दिन का प्रतिवेदन उपलब्ध करायें। डीसी ने अधिकारियों को जिला स्तरीय छापामारी दल का गठन कर औचक छापामारी करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी व फारेस्ट रेंजर द्वारा आपसी समन्वय के साथ अपने क्षेत्र में मादक द्रव्य पदार्थों को नष्ट करने का अभियान चलायें। उन्होंने कहा कि जिस इलाके में अफीम की खेती पाई जाएगी, उस क्षेत्र की विद्युत की आपूर्ति पर रोक लगाने की जरूरत है।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि वन भूमि पर यदि अवैध अफीम की खेती हो रही हो, तो संबंधित संदिग्ध व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत वन प्रमंडल पदाधिकारी मामला दर्ज करायें। उपायुक्त ने कहा कि पुलिस अधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त टीम का गठन कर अवैध अफीम और तस्करी करने वालों के विरुद्ध तीव्र कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले के सभी थाना प्रभारियों, रेंजर सहित अंचल अधिकारियों द्वारा जिले में हो रही अफीम की अवैध खेती पर कड़ी नजर रखें और आवश्यक कार्रवाई करें। पुलिस बल द्वारा रात्रि गश्ती की जाये। साथ ही ब्लैक स्पॉट व अन्य सूचना प्राप्त होने पर रेड की जाये और इसका प्रतिवेदन उपलब्ध करायें।

## एनके महाप्रबंधक संजय कुमार ने श्रीजानकी रमण मंदिर समिति खलारी को वाद्ययंत्र सेट सौंपा

**मंदिर समिति ने महाप्रबंधक के इस सहयोग के लिए उनको साधुवाद दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** श्रीजानकी रमण मंदिर समिति को एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार ने व्यक्तिगत रूप से वाद्ययंत्र का सेट सौंपा। इस दौरान मंदिर समिति के द्वारा एनके महाप्रबंधक संजय कुमार को बुके देकर स्वागत किया गया। वहीं मंदिर के पुजारी सर्वानन्द दुबे ने महाप्रबंधक संजय कुमार से सभी वाद्ययंत्रों का पूजन कराया। इसके बाद महाप्रबंधक ने वाद्ययंत्रों को मंदिर समिति के सचिव अवधेश यादव सहित अमरभूषण सिंह व गिरिधर तिवारी को सौंपा। महाप्रबंधक ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान मंदिर आने पर यहां वाद्ययंत्रों की कमी का जानकारी मिली थी। उसी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिये वाद्ययंत्र मंदिर समिति को सौंपा। मंदिर समिति ने महाप्रबंधक के इस सहयोग के लिये उनको साधुवाद दिया। मौके पर मनोज कुमार रजक, मिथिलेश सिंह, अमरभूषण सिंह, अवधेश यादव, गिरिधर तिवारी, हेमलाल यादव, संतोष सिंह, राकेश कुमार, बिरेन्द्र सिंह, सर्वानन्द दुबे, तुलसी राणा, बजरंगी केशरी आदि उपस्थित थे।

## आज चूरी पंचायत में कृषक पाठशाला का आयोजन

**खलारी (आजाद सिपाही)।** कृषि विभाग एक्सटेंशन रिफॉर्म्स एटीएमए योजना अंतर्गत कृषक पाठशाला का आयोजन चूरी पंचायत के होयर गांव में किया जाएगा। यह पाठशाला 14 दिसंबर दिन बुधवार को सुबह 11:30 बजे प्रारंभ होगी। उक्त विषय की जानकारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विकास तिर्की ने दी।

## खलारी फुटबॉल टीम सेमीफाइनल में पहुंची

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रांची जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमन्त्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में खलारी प्रखंड की टीम मांडर को हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। खलारी की टीम ने मंगलवार को मांडर को 5-4 से हराया। उसके बाद सेमीफाइनल में अपनी जगह बनायी। बुधवार को खलारी का मुकाबला कांके प्रखंड से होगा। खलारी की टीम पूरा जोर लगाएगा की कांके को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाये। इससे पूर्व मैच में पहले दिन खलारी ने चान्हो की टीम को हराया था।

## जेम पोर्टल के विरोध में 19 दिसंबर से सीसीएल के पांच एरिया में गाड़ी नहीं चलायेंगे निजी वाहन मालिक

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल में गवर्नमेंट मार्केट प्लेस (जेम पोर्टल) के माध्यम से निजी वाहनों को हायर करने की प्रक्रिया के विरोध में 19 दिसंबर से सीसीएल के पांच एरिया में निजी वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सीसीएल में वाहनों को चलाने वाले मालिकों के यूनियन गाड़ी ऑनर एसोसिएशन के राहुल सिंह ने बताया कि सीसीएल के एनके, पिपरवार, मगध, आम्रपाली, राजहरा, एरिया के अंतर्गत चलने वाली सभी निजी वाहन का टेंडर जेम पोर्टल के माध्यम से किये जाने के बाद सभी वाहन मालिकों में आक्रोश है। इसका विरोध करने हेतु पांचों एरिया के वाहन मालिकों ने एक बैठक कर सर्वसम्मति से जेम पोर्टल का विरोध किया। क्योंकि इस पोर्टल के नियम और शर्त में, छोटे-छोटे वाहन मालिक टेंडर नहीं डाल पा रहे, इसके माध्यम से बाहरी और बड़ी कंपनियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, इससे स्थानीय लोगों का रोजगार छिन जाएगा। इसलिए सभी वाहन मालिकों द्वारा सीसीएल के पांचों एरिया में इससे संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए प्रबंधन से अपील की गई कि स्थानीय स्तर पर जेम पोर्टल को हटाकर कोल इंडिया के स्तर पर गाड़ियों का टेंडर हो। अन्यथा आगामी 19 दिसंबर को सीसीएल के पांचों एरिया के वाहन मालिक अपनी अपनी वाहन को बंद कर धरना पर बैठेंगे।

बैठक में मौजूद वाहन मालिकों में संतोष गिरी, रोहित केसरी, नसीब चौहान, कमलेश चौहान, अरुण सिंह, हरेंद्र सिंह, पवन सिंह, राजू सिंह, दिलीप राम, विनोद कुमार, गुड्डू सिंह, मुकेश केसरी, रमेश गंजू,धर्मेंद्र सिंह, हरकेश चौहान, अंशु सिंह, राहुल, उज्वल, टीकू,आदि मौजूद थे।

## बुंडू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने हाइकोर्ट में रीकॉन्टेंट केस दर्ज कराया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचरण महतो की ओर से बुंडू अनुमंडल का आधारभूत संरचना निर्माण सिविल कोर्ट, जेल एवं अनुमंडल कार्यालय स्थापित करने की मांग को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में रीकॉन्टेंट केस दर्ज किया गया है। जिसका केस नंबर 9355/2022 है। इस केस में झारखंड सरकार की गृह सचिव रजिस्टर ऑफ जनरल डीसी रांची लॉ सेक्रेट्री झारखंड रांची को प्रतिवादी बनाया गया है। जिसकी सुनवाई हेतु 17 दिसंबर को निर्धारित की गई है।

**बैठक :** कोल फील्ड मजदूर यूनियन मगध परियोजना कमेटी का गठन

# पंकज कुमार सिंह अध्यक्ष एवं विरेंद्र कुमार सिंह बने सचिव

**कोल फील्ड मजदूर यूनियन ने मगध परियोजना के चमातू में की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** कोल फील्ड मजदूर यूनियन की बैठक मगध परियोजना के ग्राम चमातु में शंकर तुरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन पंकज सिंह एवं कोल फील्ड मजदूर युनियन के एरिया सचिव विकास कुमार साव के साथ मोहम्मद मिन्हाज ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के सीसीएल कार्यकारी अध्यक्ष विनय सिंह मानकी, एनके एरिया अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, रमेश सिंह एवं रंका स्वाई उपस्थिति थे। बैठक के दौरान मगध परियोजना में कार्यरत मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया। बैठक में यूनियन के सीसीएल कार्यकारी अध्यक्ष विनय सिंह मानकी ने कहा कि सीसीएल में कार्यरत सभी कर्मचारियों एवं मजदूरों की समस्याओं को लेकर कोल फील्ड मजदूर यूनियन हमेशा संघर्षशील रहा है तथा सीसीएल में मजदूरों की समस्याओं को दूर करने के लिए हमें एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने संगठन से नये लोगों को जोड़ने पर बल देते हुए संगठन को क्षेत्र में मजबूत करने की बात कही। साथ ही बैठक में यूनियन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में मगध परियोजना कमेटी का गठन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, सचिव विरेन्द्र कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अनुराग पांडे, उपाध्यक्ष कुमारी सुमन एवं अंशु कुमारी, उपसचिव सुलेखा कुमारी, जोगेन्दर कुमार मुंडा का चयन किया गया। वहीं सभी नवनियुक्त परियोजना कमेटी के पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में कोल फील्ड मजदूर यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### झामुमो प्रखंड कमेटी की मासिक बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गयी चर्चा



**कर्रा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को कर्रा प्रखंड डाक बंगला में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड समिति की मासिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज ने की। बैठक में जिला समिति के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे एवं निम्नलिखित विषय पर चर्चा की गयी और संगठन को मजबूत करने के लिए हर बूथ हर पंचायत को बेहतर तरीके से संचालित करने और सभी कमेटी विस्तार करने की बात कही गयी। सरकार की चल रही योजनाओं को हर घर हर तक बताने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही पंचायत पदाधिकारी प्रखंड पदाधिकारी जिला पदाधिकारी को क्षेत्र भ्रमण करने कहा गया। पिछली बैठक में कार्यों की चर्चा की गयी। बीस सूत्री अध्यक्ष उपाध्यक्ष के भी कार्य की समीक्षा की गयी। योजना आपकी सरकार आपके द्वार का रिपोर्ट जल्द दोनों टर्न का रिपोर्ट प्रखंड से मिलने की बात हुई। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य सह बीस सूत्री अध्यक्ष मकसूद अंसारी, झामुमो केंद्रीय सदस्य सुशील पहान, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हेमन्त टोपनो, झामुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी राहुल केसरी, मीडिया प्रभारी तौकीर आलम, प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष विनोद उरांव, प्रखंड सचिव महादेव मुंडा, प्रखंड कोषाध्यक्ष जयपाल मुंडा, उपाध्यक्ष सोसन होरो, उपाध्यक्ष रूपस कंडुलना, सह सचिव नामजान होरो, संगठन सचिव सुनिल होरो, प्रखंड सोशल मीडिया प्रभारी शंभू शर्मा, लॉरेंस होरो, अमित धान, कृष्णा गोप,लछुआ लोहरा,राजू गोप,फागू हेरेंज,पूना होरो,श्रीकांत साहू, बिरसा पहान, बसंत होरो मौजूद रहे।

### मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के कैंची मोड़ के पास मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर युवक गिरकर घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कामडारा थाना क्षेत्र के तुरबुल अंबाटोली निवासी सुनिल बारला अपने घर से रांची की और जा रहा था। अचानक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से गिरकर घायल हो गया। जिसे झामुमो मीडिया प्रभारी राहुल केशरी ने थाना व चिकित्सा प्रभारी को खबर कर एम्बुलेंस उपलब्ध कराकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर अनिता एवं ड्रेसर जयप्रकाश के द्वारा प्राथमिक इलाज कर रिम्स भेजा गया। तत्काल घायल के घर कामडारा थाना के तुरबुल अम्बाटोली में प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा खबर की गयी।

### महिला ने ट्रेन में बच्चे को दिया जन्म, आधे घंटे तक मुरी में रुकी रही आसनसोल ट्रेन



**मुरी (आजाद सिपाही)।** शीला देवी 27 वर्ष मंगलवार रांची से आसनसोल ट्रेन से चास जाने के लिए सफर कर रही थी। महिला के साथ मां एवं उनकी सास भी थी। मुरी से 15 किलोमीटर पहले किता स्टेशन के पास महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी। महिला की हालत देख अन्य यात्रियों ने अपनी-अपनी सीट खाली कर दी। जल्द ही कोच के हिस्से को पूरी तरह कपड़ों से ढक दिया गया। घटना की जानकारी तुरंत रेल कर्मियों द्वारा रेलवे चिकित्सा प्रभारी को सूचना दी गई, जिसके बाद बच्चे का जन्म होने तक करीब आधे घंटे तक ट्रेन को रोक कर रखा गया। महिला का प्रसव उसकी रेलवे चिकित्सकों द्वारा किया गया। बच्चे के जन्म के बाद ट्रेन फिर से खुली और उसके बाद महिला और उसके बच्चे को अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल महिला और बच्चा दोनों स्वस्थ बताये जा रहे हैं। देर शाम बरकाकाना आद्रा पैसेंजर ट्रेन से घर भेजा गया। इस मौके पर रेलवे चिकित्सा प्रभारी जे कच्छप, रेलकर्मी एलिजाबेथ, रेलवे स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### एक्सिस बैंक की बुंडू शाखा के ग्राहकों ने बैंक कर्मियों पर लगाया परेशान करने का आरोप

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** एक्सिस बैंक बुंडू शाखा द्वारा खाताधारकों को काफी परेशान करने का आरोप कई खातेदारों ने लगाया है। खाता का अपडेट तीन महीना से नहीं हो रहा है। बैंक में मशीन की खराबी बतायी जा रही है। जब आज एक खाताधारी खाता नंबर 915010030304804 अपना पास बुक अपडेट करने गया तो मशीन खराब बता दिया जाता है। वह तीन महीने से बैंक का चक्कर लगा रहा है। सटेटमेंट मागने पर 100 रुपया मांगा गया। इस तरह कई खाताधारी इसकी शिकायत कर चुके हैं। इस संबंध में शाखा प्रबंधक ने बताया कि तीन महीने से प्रिंटर मशीन खराब है। इसको बनाने की जिम्मेदारी किसकी है, जिससे खाताधारी रोज पिसा रहे हैं।

### दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू, 16 टीमें ले रही हैं हिस्सा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नीलू फैंस क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज मंगलवार को बेहद रोमांचक मैच के साथ हुआ। टूर्नामेंट में कुल 16 टीम हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट के पहले मैच में पोसेया बनाम हुटार टीम के बीच हुआ। इसमें हुटार की टीम 1-0 से विजयी हुई। मैच का आयोजन अनिगड़ा के मैदान में हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो और विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा जिला महामंत्री बिनोद नाग और मंडल अध्यक्ष मदन गोप उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवा ठाकुर, जितन स्वांसी, बुटना मुंडा, सोशन पाहन, सोनू प्रधान, श्याम कुमार, जोगिंदर राम गांझू, मानसिंह मुंडा, नंदू प्रधान, फगुआ मुंडा आदि का योगदान दिया।

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने मंगलवार को बाजार टांड खूंटी स्थित फास्ट फूड और राशन दुकानों का औचक निरीक्षण किया। मौके पर दुकानदारों को खाद्य अनुज्ञप्ति लेकर ही खाद्य पदार्थों का व्यवसाय करने का निर्देश दिया गया। साथ ही दुकान परिसर की साफ-सफाई का ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी दुकादारों को निर्देश दिया कि एफएसएसएआई एवं एमएफजी डेट व एक्सपाईरी डेट आदि लिखा हुआ खाद्य पदार्थ ही बेचें। निरीक्षण के दौरान बाजार टांड़ स्थित एक दुकान से प्रेम ब्रांड टोमैटो सॉस, गोल्डी ब्रांड चिली सॉस, पनीर आदि के सैंपल लिए गये। इन नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला नामकुम भेजा जाएगा। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं खराबी पाये जाने पर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखिया एकजुट मुख्यालय घेराव की बनी सहमति

**रातू प्रखंड मुख्यालय में मुखिया संघ की बैठक में की गयी विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखिया संघ की बैठक आयोजित की गई। प्रखंड प्रमुख संगीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रातू प्रखंड के सभी मुखिया शामिल हुये।

बैठक में विभिन्न विभागों के योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड व अंचल कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में रुपये की मांग की जाती है।

इसके अलावा अधिकारियों द्वारा पंचायतों में संचालित हर योजनाओं में कमीशन की मांग की जाती है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अधिकारियों द्वारा पंचायत की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। गांव का पैसा ब्लॉक परिसर को सजाने में लगाया जा रहा है। व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखिया संघ द्वारा रातू प्रखंड मुख्यालय घेराव करने की सहमति बनी।

## झारखंड हैंडबॉल टीम में रातू के तीन खिलाड़ियों का हुआ चयन, प्रतियोगिता में भाग लेने टीम हुई रवाना

*रातू (आजाद सिपाही)।* रातू के तीन खिलाड़ियों का चयन झारखंड हैंडबॉल टीम में हुआ है। खिलाड़ियों में कैंब्रियन पब्लिक स्कूल रातू की छात्रा आयुषी उरांव, पॉल स्टार स्कूल रातू की श्रृष्टि कुमारी व उत्क्रमित मध्य विद्यालय रातू चट्टी की छात्रा प्रिया कुमारी शामिल है। राँची हैंडबॉल संघ के सचिव विष्णु कुमार ने बताया कि तीनो खिलाड़ी बिहार के सारण में 14 से 18 दिसंबर तक हो होने वाली 37वी सब जूनियर राष्ट्रीय, (बालिका) हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिय झारखंड हैंडबॉल टीम के साथ टाटा से सारण, बिहार के लिए रवाना हो गयी।

## दानेकेरा पंचायत के कोयनारा नकटी देवी पूस जतरा में विधायक ने मेला का किया उद्घाटन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड का प्रसिद्ध नकटी देवी जतरा आदिवासियों की संस्कृति परंपरा और रीतिरिवाजों का ध्वज वाहक है। हमें अपनी पूर्वजों की धरोहर को बचाकर रखने की जरूरत है। उक्त बातें लापुंग प्रखंड के कोयनारा गांव में आयोजित हड़बोरी पुस जतरा के दौरान बतौर मुख्य अतिथि मांडर विधानसभा की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कही। उन्होंने कहा कि नकटी देवी जतरा टोंगरी बहुत ही खूबसूरत स्थल है। इस स्थल के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए प्रयास करूंगी। मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि मुखिया धुचला मुंडा ने कहा कि दानेकेरा पंचायत बहुत ही पिछड़ा हुआ पंचायत है। उन्होंने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की से यहां के गांवों के सड़कों का निर्माण कराते हुए सभी गांव को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने की मांग की। नकटी देवी जतरा के दौरान आदिवासियों की परंपरा और संस्कृति झलक उठी। खोड़हा नृत्य दलों के साथ विधायक और मुखिया भी खूब झुमे। इस मौके पर जतरा आयोजन समिति के संरक्षक डॉ बोने उरांव ने कहा कि कोयनारा गांव का इस जतरा का सापुकेरा गांव से बहुत ही गहरा और अनोन्याश्रय संबंध है। वहीं समाजसेवी और जतरा के आयोजन समिति के संरक्षक के रूप में राजकिशोर उरांव ने आदिवासियत को बचाने पर बल दिया। इसके पूर्व नागपुरी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काट कर स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और मुखिया धुचला मुंडा ने आयोजकों के साथ मिलकर संयुक्त रुप से विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली सहित अन्य लोगों ने अपनी बातें रखी। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रेम भगत, सचिव धर्मेंद्र बडाईक, कोषाध्यक्ष सुमेश भगत, संरक्षक डॉ बोने उरांव, भीखराम बडाईक, नीरज पाईक, राजकिशोर उरांव, चरोधर परधिया, ग्राम प्रधान रुटिया मुंडा, पाहन चामु मुंडा, सनम उरांव, खेदू भगत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बेड़ो में खुला अखंड भारत अकेडमी कोचिंग सेंटर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बगल में अखंड भारत एकेडमी कोचिंग सेंटर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के राजीव रंजन अधिकारी ने मंगलवार को फीता काट कर किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक के मार्गदर्शन व मेहनत से कोचिंग सेंटर छात्रहित में कालान्तर में वरदान बनेगा। वहीं मौके पर मंडल अध्यक्ष आलोक मिश्रा, बलराम सिंह, करुणा निधि, प्रवीण कुमार गुप्ता, रोहित कुमार,आनंद साहू,अनिल उरांव व पवन साहू आदि मौजूद थे।

## बेड़ो अंचल के कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगा कर काम किया



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के राजस्व उपनिरीक्षक कर्मचारी संघ के तत्वावधान में मंगलवार को बेड़ो अंचल के कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर काम किया। कर्मचारियों ने रातू अंचल में पदस्थापित राजस्व उपनिरीक्षक जयबीर भगत के साथ हुई मारपीट के विरोध में काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी किया। वहीं राजस्व उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि रातू उपनिरीक्षक जयबीर भगत के साथ कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट किया था। कर्मचारियों ने इस घटना की कड़ी निन्दा किया। साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग किया। वहीं विरोध प्रदर्शन के दौरान राजस्व उपनिरीक्षक हरिहर प्रसाद, विजय उरांव,अनुपम बेल्डन लकड़ा व पुना उरांव आदि मौजूद थे।

### विधायक ने मांडर विस क्षेत्र के पांचों प्रखंड के पीएचडी विभाग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# योजनाओं को धरातल पर उतारने और ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने पर की चर्चा

**विधायक मांडर प्रखंड की समस्याओं से भी अवगत हुईं और उसे दो दिन के अंदर निदान करने को कहा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मांडर।** मांडर प्रखंड मुख्यालय सभागार में मांडर विधानसभा क्षेत्र के पांचों प्रखंड के पीएचडी विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में रखी गई। इस बैठक में मांडर बीडीओ, सीओ एवं विधायक प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

बैठक में पीएचडी विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानने का प्रयास किया गया। जिसमें पीएचडी विभाग द्वारा कौन-कौन सी योजना धरातल में उतारी जा रही है और कौन-कौन गांव उससे जुड़े हैं, और कैसे ग्रामीणों को इसका लाभ पहुंचेगा।

विधायक ने चान्हो प्रखंड के पीएचडी विभाग के पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए कहा कि जो योजना छह पंचायत में चल रही है, यह डीप बोरिंग कहां-कहां करायी गयी है, और कितनी डीप बोरिंग की गयी है। विधायक ने डीप बोरिंग के संबंध में कंपनी से भी जानकारी ली और कहा कि आप मुझे इसका डिटेल बना कर दें। जिसमें पंचायत का नाम, ग्राम का नाम, कितना बोरिंग किया और उसकी गहराई कितनी है। यह मुझे एक सप्ताह के अंदर डिटेल उपलब्ध कराएं। विधायक मांडर प्रखंड की समस्याओं से भी अवगत हुईं और उसे दो दिन के अंदर निदान करने को कहा। साथ ही कहा कि विभाग को अगर कोई समस्या आ रही है तो आप हमसे संपर्क करें, ताकि मैं उसका निदान कर सकूं।

विधायक ने बीडीओ से भी फोर्टीन फाइनेंस द्वारा जो योजना गांव में लायी गयी है, उसका भी पूरा डिटेल कुछ दिन में मांगा।

## रातू बनापीड़ी के नौशाद बने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जवाहर बाल मंच के रांची जिला चीफ ऑर्डिनेटर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड के बनापीडी निवासी नौशाद आलम को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जवाहर बाल मंच के रांची जिला ग्रामीण का चीफ कोऑर्डिनेटर बनाया गया है।

तेज तर्रार और जुझारू युवा नौशाद आलम ने कोऑर्डिनेटर बनाये जाने पर शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल, राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ जी. बी हरी, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर और झारखंड इंचार्ज तैय्यब शाहिद, झारखंड राज्य चीफ कोऑर्डिनेटर एस तारिक अनवर, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी का आभार प्रकट किया है।



उन्होंने कहा कि बहुत बड़ी जिम्मेदारी शीर्ष नेतृत्व के द्वारा मुझे सौंपी गई है। मैं इस जिम्मेदारी को पूरी लगन और ईमानदारी से निभाने की हर संभव प्रयास करूंगा।

**इन्होंने दी बधाई :** नौशाद आलम को ग्रामीण जिला कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर कोंग्रेस जनरल सेक्रेटरी आलोक कुमार दुबे, हटिया विधान सभा प्रभारी अजय नाथ शाहदेव ,दीपू सिन्हा, पृथ्वी नाथ शहदेव, झारखंड छात्र संघ के अध्यक्ष शमीम अली, संगठन प्रभारी जियाउद्दीन अंसारी, जेबिएम के स्टेट कॉर्डिनेटर रमजान अंसारी, रहमतुल्लाह अंसारी,रातु प्रखंड अंजुमन के सदर कमरूल हक, नायब सदर एक्स आर्मी अंजुम खान, छात्र नेता बुधनाथ उरांव, रंजीत उरांव , प्रखंड अध्यक्ष आफताब आलम, यूथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अतुल राज ,पूर्व जिला परिषद सदस्या अकलीमा खातून, नसीम अख्तर, बिंदेश्वर लोहरा, भरत हजाम आदि शामिल हैं।

## अज्ञात बस ने अधेड़ को कुचला, मौत

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** मंगलवार की सुबह एनएच 33 टाटा रोड पर मॉर्निंग वॉक कर रहे अधेड़ को अज्ञात बस ने कुचल दिया। जिससे मौके पर ही अधेड़ की मौत हो गयी। घटना के बाद चालक बस सहित भाग गया। दुर्घटना में मृत अधेड़ की पहचान सिदरौल निवासी सुक्कु भगत (55) के रुप में की गयी है। जानकारी के अनुसार सुक्कु हर रोज मॉर्निंग वॉक पर जाता था। मंगलवार सुबह जैसे ही सुक्कु सिदरौल स्थित टाटा रोड पर पहुंचा तो टाटा की ओर से तेज गती में आ रही अज्ञात बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक सुक्कु बाजार-बाजार जाकर सब्जी बेचने का काम करता था। इधर, नामकुम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रांची रिम्स भेज दिया है।

## नामकुम अंचल में अपर समाहर्ता के भेजे गये सैकड़ों जांच प्रतिवेदन पर सीओ निष्क्रिय : अमर महतो

**रांची जिला उपायुक्त मासिक बैठक में वैसे अंचल अधिकारी जिनका कार्य संतोषजनक नहीं है, तत्काल उन्हें निलंबित कर कार्रवाई करें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** बीते दो महीने पूर्व राजस्व उपनिरीक्षक हड़ताल के दौरान हजारों जांच प्रतिवेदन पेंडिंग पड़े थे। लेकिन अब भी हालात जस का तस है। पंचायत के ग्रामीण भू स्वामित्व प्रमाण पत्र, जमीन मापी अपर समाहर्ता द्वारा भेजे गये जांच प्रतिवेदन पर किसी तरह का सक्रिय कार्य नहीं कर रहे है।




नामकुम एवं सिल्ली अंचल में दर्जनों पंचायत के ग्रामीणों का कार्य अधूरा है। साल भर से जांच प्रतिवेदन को जिला एवं अपर समाहर्ता को नहीं भेजने से कार्य प्रभावित होता है। बहुत ऐसे कर्मचारी-अमीन बिना पैसे लिये कार्य नहीं करते हैं। नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश महासचिव अमर महतो ने कहा रांची जिला उपायुक्त मासिक बैठक में वैसे अंचल अधिकारी जिनका कार्य संतोषजनक नहीं है, तत्काल उन्हें निलंबित कर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि भूमाफिया के गठजोड़ से बहुत सारे खतियान रसीद जांच प्रतिवेदन में हेरफेर कर लाखों की उगाही करते हैं। अंचलाधिकारी के प्रति झारखंड सरकार को जल्द ही संज्ञान लेने के लिये कहेंगे। वैसे अंचल अधिकारी जो दो बार निलंबित हुये उनकी सेवा समाप्त करने की पहल करनी चाहिये, ताकि आम जनता को सरकारी एवं सरकार पर भरोसा कायम रख पाये।

दाखिल खारिज के विषय में कहा कि प्रति डिसमिल के आधार पर तय होती है। खतियान जमीन मालिक का अगर किसी तरह का रसीद में त्रुटि हो जाये तो उससे मोटी रकम वसूली जाती है।

### ग्रामीण डाक सेवकों की बैठक में डाक वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर हुई चर्चा

# डाक प्रेषण में विलंब या अनियमितता की शिकायत पर होगी कार्रवाई : डाक निरीक्षक

**डाक निरीक्षक ने कर्मियों को डाक प्राप्ति के उपरांत उसी दिन हर हालत में सभी डाक वस्तुओं का वितरण सुनिश्चित करने का दिया निर्देश**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** राजाडेरा पंचायत सचिवालय स्थित शाखा डाकघर में मंगलवार को भारतीय डाक विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीण डाक कर्मियों के साथ एक आवश्यक बैठक आयोजित की। बैठक में अनुमंडलीय डाक निरीक्षक पूर्वी रांची दीपक कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित हुए।

बैठक में मुख्य रूप से डाक प्रेषण व्यवस्था को दुरूस्त करने, उसी दिन त्वरित डाक वितरण कार्य सुनिश्चित करने, अधिक से अधिक डाकघर बचत व बीमा योजनाओं से लोगों को अच्छादित करने सहित अन्य व्यवसाय को गति प्रदान करने पर चर्चा की गई।

मौके पर डाक निरीक्षक दीपक कुमार सिंह ने डाक कर्मियों को डाक प्राप्ति के उपरांत उसी दिन हर हालत में सभी डाक वस्तुओं का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने डाक वितरण व्यवस्था में शून्य डिलीवरी के फार्मूले को समझाते हुए इसका अनुपालन करने तथा प्राप्तकर्ता द्वारा डाक प्रेषण में विलंब या किसी भी तरह की अनियमितता बरते जाने की शिकायत मिलने पर संबंधित डाककर्मी के विरूद्ध कार्रवाई करने की बात कही।

इसके अलावा डाक निरीक्षक ने डाककर्मियों को अधिक से अधिक बचत योजनाओं का खाता खोलने, विभिन्न लाभकारी बीमा योजनाओं से लोगों को जोड़ने सहित अन्य डाक बैंकिंग व्यवसाय के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया।

मौके पर डाक अधिदर्शक अरूण गुप्ता, राजाडेरा शाखा डाकपाल सह जीडीएस संघ के प्रमंडलीय सचिव रामकुमार दीपक, प्रभुदयाल महतो, भीष्मा लोहरा, नारायण साहू, मिलन साहू, अंजनी महतो, कालीचरण महतो, सालीकराम महतो, मानिकलाल महतो, मेकाइल अहमद, उपेन्द्र महतो, संजय महतो, बिटु कुमार, मुकेश कुमार, मदिया तिर्की, धनेश्वर बेदिया, हेमसागर महतो, तुलसी प्रमाणिक, मनमोहन मिर्धा, नवनीत कुमार, राजकिशोर साहू आदि डाककर्मी मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आरती बागची के जिला ग्रामीण महिला कांग्रेस महासचिव बनने पर कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर खुशियां मनायी



**कांके (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के जुझारू महिला नेता आरती बागची को रांची जिला ग्रामीण महिला कांग्रेस कमेटी में महासचिव बनाए जाने पर कांके में कांग्रेस कार्यकताओं ने मिठाइयां बांटकर और खुशी का इजहार कर खुशियां मनाई और एक दूसरे को बधाई दी। बताते चले कि चाणक्यपुरी कमडे निवासी आरती बागची पूरे कांके विधानसभा क्षेत्र में काफी लोकप्रिय महिला नेता हैं। ज्ससे संबंधित पत्र रांची जिला ग्रामीण महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मेरी तिर्की ने जारी कर आरती बागची को दी। इनके महासचिव बनाए जाने पर कांके क्षेत्र के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मदन कुमार महतो, गुलजार अहमद, महेश कुमार मनीष, रीता चौधरी, चंदन बैठा, मनीष कुमार महतो, विनोद साहू, सीताराम मुंडा, अशोक गोप, लालचंद सोनी, गौरी शंकर महतो, पंकज कुमार, अशोक महतो, अर्जुन मुंडा, राजू दुबे, अरविंद सांगा, प्रमोद कुजुर, महताब आलम, ने बधाई दी है और कहा है कि इन के महासचिव बनने से पूरे जिला में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी और संगठन भी मजबूत होगा।

### भूसूर जंगल में रात के समय सैकड़ों साल वृक्ष की हुई है कटाई

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के भूसूर जंगल से साल के सैकड़ों पेड़ों की कटाई की जा रही है। यह घटना पिछले तीन-चार दिनों से लगातार ग्रामीणों के द्वारा की जा रही है। वन सुरक्षा समिति भूसूर के द्वारा पिछले कई वर्षों से पर्यावरण बचाने को लेकर पर्यावरण दिवस के अवसर पर 29 जनवरी को भूसूर जंगल में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित की जाती रही है । रक्षा बंधन कार्यक्रम में पेड़ में रक्षासूत्र बांधकर पेड़ को बचाने का संकल्प लिया जाता है। इधर भूसूर जंगल लगभग 200 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है ,ये जंगल में आए दिन छोटे-छोटे फिल्मों का शूटिंग देखने को मिलता है। जंगल की खूबसूरती को देख पर्यटक मन्त्र मुग्ध हो जाते हैं । आखिर इस हरा भरा जंगल मे किन लोगों का नजर लग गया जो रातों-रात सैकड़ों साल के पेड़ों की कटाई की गई है। वन समिति के अध्यक्ष महावीर महतो ने बताया कि रात में ग्रामीणों को कटा हुआ पेड़ लूटा गया था। लेकिन घर आकर लड़ाई करने लगे ।जिस कारण छोड़ दिया गया । वहीं काके रेंजर चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि पूरे गांव में आज छानबीन किया जाएगा और जिन लोगों के यहां से पेड़? जप्त होगी। उन लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नगराबेड़ा गांव के खलिहान में रखे तीन लोगों के पुवाल जलकर हुए राख



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के हरातु पंचायत के नागरा बेड़ा गांव के खलिहान में रखे तीन लोगों का पुआल जलकर राख हो गया। घटना मंगलवार ग्यारह बजे की बताई जा रही है । जानकारी के अनुसार नंदलाल बेदिया ,जीतू बेदिया व भऊवा बेदिया का पुआल खलियान में रखा हुआ था। छोटे छोटे बच्चें पुआल के समीप खेल कूद रहे थे । अशंका जताई जा रही है की बच्चे बगल मे आग जलाये होंगे और भुतान भुल गये। जो हवा से उड़कर पुवाल मे आग लग गई। और देखते ही देखते उक्त तीनों लोगों का पुआ जलकर राख हो गया । मुखिया राजेंद्र बेदिया ने अंचल से मुआवजा की मांग की है।

### लाल बहादुर स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच 1-0 से जीत कर सोलंकी एफसी की टीम फाइनल में



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शास्त्री स्पोर्टिंग यूनियन सामलोंग चुटिया के तत्वावधान में शास्त्री मैदान सामलोंग में चल रहे लाल बहादुर स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 का दूसरा सेमीफाइनल मैच मंगलवार को सोलंकी एफसी बनाम नव झारखंड बहुबाजार के बीच खेला गया। जिसमें सोलंकी एफसी की टीम 1-0 से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मुनचुन राय उपस्थित थे। जिन्होंने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर मैच को शुरू कराया और खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुये कहा कि क्षेत्र में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होने के साथ-साथ प्रतिभा भी सामने आती है। मुनचुन राय ने आयोजकों की प्रशंसा की। गुरुवार को नव झारखंड बहुबाजार और गाड़ी गांव पाहन टोली के बीच तीसरे स्थान के लिये मैच खेला जायेगा। उक्त जानकारी शास्त्री स्पोर्टिंग यूनियन के सचिव गौतम देब ने दी।

### विद्युत आपूर्ति की इटकी प्रशाखा कार्यालय के प्रांगण में बिलिंग से संबंधित कार्यक्रम आयोजित

**इटकी (आजाद सिपाही)।** विद्युत आपूर्ति की इटकी प्रशाखा कार्यालय के प्रांगण में मंगलवार को बिलिंग से संबधित एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उर्जा मित्र व उनके ऐजेसियों को विभाग द्वारा कई दिशा निर्देश जारी किया गया है। उर्जा मित्रों को उपभोक्ताओं के घर घर पहुंच कर मीटर रिडिंग के आधार पर विपत्रीकरण कार्य को सुनिश्चित करते हुए बिजली बिल को नियमित रूप से उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही 18 दिसम्बर तक 60 प्रतिशत से अधिक विपत्र को निर्गत करने के कार्य को पूरा कर लेने का हिदायत भी दी गई है। वही जिन उपभोक्तओं का पांच हजार से अधिक विजली बिल बकाया हो वैसे बकाया वाले उपभोकताओं की सूची तैयार कर विभाग को भेजने का निर्देश दिया गया है। कार्य में कोताही बरतने वाले उर्जा मित्रों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। कार्यक्रम में कनीय अभियंता राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, सहायक विद्युत अभियता प्रशांत कुमार सिंह, पवन कुमार, नौसाद, अभिषेक कुमार सहित अन्य शामिल थे।

